# राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर नियुक्त, राज्यपाल ने जारी किए आदेश

Rajasthan New Chief Information Commissioner: राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर नियुक्त किए गए। राज्यपाल कलराज मिश्र इस सम्बंध में आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही 3 सूचना आयुक्त भी नियुक्त किए गए हैं।

जयपुर • Sanjay Kumar Srivastava • Jul 05, 2024




राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर नियुक्त

**Rajasthan New Chief Information Commissioner :** राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर को नियुक्त किया गया है। इसके लिए राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान करने के भी आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त पदों के अंतर्गत इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की है।

## कौन हैं मोहन लाल लाठर?

मोहन लाल लाठर मूल रूप से हरियाणा के निवासी है। मोहन लाल लाठर को एमएल लाठर के नाम से भी जाना जाता है। लाठर 1987 बैच के आईपीएस अफसर हैं। ऐसा बताया जाता है कि मोहन लाल लाठर, अशोक गहलोत के बेहद करीबी हैं। गहलोत के कार्यकाल में ही लाठर डीजीपी बनाए गए थे। अशोक गहलोत ने 2023 में उन्हें राज्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्त किया था। अब भजनलाल सरकार में उन्हें राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर प्रमोट किया है। इससे पूर्व डीबी गुप्ता मुख्य सूचना आयुक्त थे।